2021/19

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री तेजसिंह राठौड़ पुत्र श्री गिरधारीसिंह
जाति राजपूत
निवासी वार्ड संख्या 32 सारणेश्वरजी रोड सार्दुलपुरा कॉलोनी
सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 09 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
27.01.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 24.11.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी को रिवाईज पीपीओ प्राप्त नहीं हुआ है, दिलाना फरमायें एवं सातवें वेतन का लाभ एवं ऐरियर भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, दिलाये जाने से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। उपरोक्त सूचना कोषाधिकारी सिरोही से सम्बन्धित होने से ए.डी.एम सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 446 दिनांक 04.12.2020 को प्रकरण कोषाधिकारी सिरोही को स्थानान्तरित कर दिया। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 24.11.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी को रिवाईज पीपीओ प्राप्त नहीं हुआ है, दिलाना फरमायें एवं सातवें वेतन का लाभ एवं ऐरियर भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, दिलाये जाने से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूँकि कोषाधिकारी सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 1112–13 दिनांक 14.12.2020 को अपीलांट को उक्त सूचना उपलब्ध करवा दी गई। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.12 16:38:53 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner